# तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत बनाया जाएगा सड़क दुर्घटनामुक्त

## चर्चा में क्यों?

13 अप्रैल, 2022 को राजस्थान के गृह, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बताया कि बजट घोषणा की अनुपालना में प्रदेश के तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़क दुर्घटनामुक्त बनाया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शासन सचिवालय में 'सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम' के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी।
- जिन तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़क दुर्घटनामुक्त बनाया जाएगा, उनमें शाहजहाँपुर से अजमेर (एनएच-448), बर-बिलाड़ा-जोधपुर (एनएच-25) व सीकर से बीकानेर (एनएच-110) राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस के रेस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने तथा सड़क दुर्घनाओं में गंभीर घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाने वाले गुड सेमेरिटन को 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना' के तहत पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।
- उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईरैड) एप्लीकेशन के ज़रिये सड़क दुर्घटना से संबंधित डेटा को तुरंत अपलोड किया जाना चाहिये, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये उनका वैज्ञानिक विश्लेषण हो सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-national-highways-will-be-made-road-accident-free-under-pilot-project